Take over John's Textile Mills at Agra

1645. SHRI SHAMBHU NATH CHATURVEDI: Will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to state:

(a) whether Government have under consideration any proposal for taking over Johns' Textile Mills at Agra with a view to provide employment to labour laid off because of its closure; and

(b) whether the dues on account of Sales Tax, Excise Duty and Income Tax will be sufficient to meet the cost of acquisition.

THE MINISTER OF COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND CO-OPERATION (SHRI MOHAN DHARIA): (a) No such proposal has been received from the State Government.

(b) Does not arise.

राज्यों में हवाई पट्टियों का रखरखाव

1646. **श्री चतुर्भुज** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राज्यों में विशेष परिस्थितियों में उपयोग के लिए बनाई गई हवाई पट्टियों का निरीक्षण केन्द्रीय सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है और क्या इन हवाई पट्टियों के समुचित रख-रखाव के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कोई वित्तीय सहायता दी जाती है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी तथ्य क्या है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) और (ख). जी, हां । राज्य सरकारों द्वारा निर्मित विमानक्षेत्रों के लिये कोई वित्तीय सहायता नहीं दी जाती है । परन्तु, जब कभी राज्य प्राधिकारियों द्वारा अनुरोध किया जाता है तो नागर विमानन विभाग द्वारा स्थानों के चयन, सुविधाओं तथा विशिष्टियों (स्पीसिफीकेशंस) के अभिविन्यास (ले-आउट) और अन्य तकनीकी जानकारी के बारे में तकनीकी परामर्श निर्देशन (गाइडेंस) प्रदान किया जाता है ।

राष्ट्रीयकृत बंकों में एक समान पदों पर नियुक्तियों के लिए अर्हतायें

1647. **श्री मीठा लाल पटेल** : क्या **वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीयकृत बैंकों में एक समान पदों पर भर्ती के लिये भिन्न-भिन्न अर्हताएं निर्धारित हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) और (ख). सरकारी क्षेत्र के बैंकों में सीधे भरती किये जाने वाले अधिकारियों के लिए न्यून तम योग्यता है कुछ न्यूनतम प्रतिशत अंकों सहित अथवा उसके बिना ग्रेजुएट चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट होना । आम तौर से लिपिक पदों के लिए कुछ न्यूनतम प्रतिशत अंकों सहित अथवा उनके बिना ग्रेजुएट होना न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता है फिर भी कुछ बैंक कुछ प्रतिशत अंक वाले मैट्रिक पास व्यक्तियों को भी प्रतियोगिता में शामिल होने की अनुमति देते हैं । अधीनस्थ कर्मचारियों के बारे में जबकि कुछ बैंकों ने शैक्षणिक योग्यता लिख और पढ़ सकना निर्धारित की हुई है, कुछ अन्य बैंकों ने निर्धारित किया है कि उम्मीदवार ने स्कूल में कुछ निर्धारित स्तर तक अध्ययन किया हो । कुछ बैंक यह भी अपेक्षा करते हैं